6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

वर्ष 19 | अंक 127 | पृष्ठ : 26 | मूल्य : साढ़े चार रुपये

नई दिल्ली | रविवार, 15 अगस्त 2021

श्रावण शुक्ल-सप्तमी ▪ विक्रम संवत-2078

PAGE NO. 11 : TOP

रिद्धिमा ऑडिटोरियम में 17 को होगा नाटक 'गालिब इन न्यू दिल्ली' का मंचन

बरेली। मशहूर नाटककार एम. सईद आलम अपना ताजा तरीन नाटक 'गालिब इन न्यू दिल्ली' बरेली लेकर आ रहे हैं। इसका मंचन एसआरएमएस रिद्धिमा ऑडिटोरियम में 17 अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे होगा।

यह नाटक मिर्जा गालिब की कहानी पर आधारित है। इसमें फैज अहमद फैज बातचीत में गालिब से कहते हैं कि उन्हें और डेढ़ साल बाद इस दुनिया में आना चाहिए था, यानी मौजूदा दौर में होते तो कुछ और बात होती। इस पर गालिब खुदा से दुआ करते हैं कि उनको फिर दुनिया में भेजें। गालिब का दुबारा दुनिया में आते हैं फिर उन्हीं के सहारे इस नाटक की कहानी चलती है जो मौजूदा दौर पर कटाक्ष है। संवाद